म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री, ग्वालियर

http://www.mpcci.in

# e अर्थवार्ता

## मासिक पत्रिका


- आरएनआई/एमपीएचआईएन/1997/6965
- डाक पंजीकृत सं. ग्वालियर / 40020263/2023–25
- वर्ष : 25, अंक : 10
- माह : अप्रैल 2023




## MSME Workshop

# बेरोजगार व्यक्ति सबसे विध्वंसक साबित हो सकता है : अक्षय कुमार सिंह, कलेक्टर ग्वालियर

## MPCCI द्वारा MSME सेक्टर के लिए वातावरण तैयार करना, सराहनीय : शशिभूषण सिंह, अपर सचिव




ग्वालियर अंचल के युवा उद्यमियों को एमएसएमई सेक्टर में उद्योग स्थापना के लिए प्रोत्साहित करने एवं पूर्व से स्थापित उद्योगों को केन्द्र एवं प्रदेश के एमएसएमई विभाग द्वारा जारी योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से दिनांक 18 अप्रैल,23 को 'चेम्बर भवन' में व्यापार एवं उद्योग सृजन योजनाओं पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों एवं चेम्बर पदाधिकारीगणों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया। तदुपरांत अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंटकर किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर, ग्वालियर–श्री अक्षय कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथिद्वय–श्री शशिभूषण सिंह, अपर सचिव, एमएसएमई, मध्यप्रदेश शासन, श्री डी. डी. गजभिये, ज्वाइंट डायरेक्टर, एमएसएमई विभाग, भारत सरकार सहित श्री राजीव कुमार, डायरेक्टर इंचार्ज, ब्रांच ग्वालियर एमएसएमई, संयुक्त संचालक एवं मेला सचिव–श्री निरंजनलाल श्रीवास्तव, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक–श्री राजेन्द्र सिंह, सहायक प्रबंधकद्वय–श्री डी. के. गुप्ता एवं श्री आनंद शर्मा, ग्वालियर स्मार्ट सिटी इन्क्यूबेशन सेंटर के स्टार्टअप इंचार्ज–श्री मनन चांदना सहित चेम्बर पदाधिकारीगण एवं 300 प्रतिभागी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर स्वागत उद्बोधन में अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल द्वारा सभी अतिथियों का हार्दिक अभिनंदन करते हुए कहा कि चेम्बर की नवीन टीम व्यापार एवं उद्योग के विकास के लिए संकल्पित है क्योंकि ''व्यापार बिना जीवन नहीं, उद्योग बिना उन्नति नहीं'' की जा सकती है। उद्योगों के विकास के लिए हमारे द्वारा प्रति माह के दूसरे एवं चौथे शनिवार को औद्योगिक क्षेत्रों में पड़ाव किया जा रहा है। हमारे ग्वालियर अंचल में उद्योगों की स्थापना के लिए अपार संभावनाएँ हैं। इसी के तहत यह वर्कशॉप आयोजित की गई है। आपने कहा कि जीडीपी के हिसाब से हमारा देश टॉप 10 देशों में से 5वें नंबर पर आता है, वहीं हमारा मध्यप्रदेश देश में 10वें नंबर पर स्थान रखता है। आज यह कार्यशाला इस संकल्प के साथ आयोजित की गई है कि हम अपने देश को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाएँ और हमारा प्रदेश देश में नंबर 1 पर स्थापित हो सके। आपने कहा कि पुराने सचिवालय में हम उद्योग एवं व्यापार के विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं के लिए एक कियोस्क सेंटर शीघ्र प्रारंभ करने जा रहे हैं, ताकि ग्वालियर के व्यापारियों एवं उद्योगपतियों को विभागों के चक्कर न काटना पड़े। आपने आशा व्यक्त की कि आज की कार्यशाला में शामिल 300 प्रतिभागी 30 हजार लोगों को रोजगार प्रदान करेंगे।

कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे, श्री डी. डी. गजभिये, ज्वाइंट डायरेक्टर, सेन्ट्रल एमएसएमई, इंदौर ने अपने उद्बोधन में कहा कि युवा पीढ़ी की आगे बढ़ने की अपनी गति है, उसकी कद्र होना चाहिए। हमारे युवाओं को राज्य एवं केन्द्र की योजनाओं का ज्ञान नहीं होने से वह इसका लाभ नहीं ले पाते हैं। इस कार्यशाला का नाम इसलिए 'पाठशाला' रखा गया है, ताकि हम योजनाओं को बारीकी से सीख सकें। आपने बताया कि शासन की योजनाओं का लाभ स्थापित एमएसएमई यूनिट इसलिए नहीं ले पा रही हैं क्योंकि देश में लगभग 6.25 करोड़ एमएसएमई कार्यरत हैं, लेकिन रजिस्ट्रेशन सिर्फ 1.25 करोड़ इकाईयों ने ही पोर्टल पर कराया है। आपने बताया कि इसमें रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया काफी सरल है और 8वीं पास व्यक्ति भी इसमें आसानी से रजिस्ट्रेशन कर सकता ह। आपने बताया कि यह रजिस्ट्रेशन पूर्णत: निःशुल्क है।

विशिष्ट अतिथि–श्री शशिभूषण सिंह, अपर सचिव, एमएसएमई, मध्यप्रदेश शासन ने अपने उद्बोधन में कहा कि कृषि के बाद एमएसएमई सेक्टर से ही लोगों को सबसे अधिक रोजगार उपलब्ध होता है। कृषि का संबंध भी एमएसएमई से है, कृषि उत्पादों से ही कई एमएसएमई कार्य कर रही हैं। आपने




कहा कि शासन द्वारा कलस्टर आधारित योजना उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही हैं, जिसमें 4-5 उद्योग शासकीय/अशासकीय भूमि पर स्थापित हों, उन्हें सरकार आधारभूत सुविधाएँ उपलब्ध करवा रही है। वहीं सब्सिडी के माध्यम से उद्योगों को सम्पूर्ण प्रोत्साहन दिया जा रहा है। आपने बताया कि उद्योगों को 40% तक सब्सिडी 4 समान किश्तों में दी जा रही है। वहीं मण्डी टैक्स में भी छूट प्रदान की जा रही है। आपने कहा कि आज हमें उद्योगों के लिए वातावरण निर्मित करने की आवश्यकता है, ताकि हम देश की जीडीपी को 5 ट्रिलियन डॉलर तक ले जाने के लक्ष्य को पूर्ण कर सकें। चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा इस दिशा में यह कार्यशाला का आयोजन किया जाना सराहनीय है।

मुख्य अतिथि–श्री अक्षय कुमार सिंह, कलेक्टर ग्वालियर ने कहा कि ग्वालियर में उद्योगों की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए यह कार्यशाला आयोजित की गई है। इससे सभी प्रतिभागी लाभांवित होंगे, ऐसी मैं अपेक्षा करता हूँ। सरकार सिस्टम से जुड़े ऑब्जरवेशन पर आपने बताया कि कोरोना महमारी के बाद जो बच गए हैं, उन सभी का यह पुर्नजन्म है, उस समय ऐसा लग रहा था कि प्रलय आ रही है, जो सभी को बहा ले जाएगा। इसी प्रकार बेरोजगारी का एक प्रलय भी आ सकता है, क्योंकि खाली हाथ बैठा व्यक्ति सबसे बड़ा विध्वंसक साबित हो सकता है और यह हमारे लिए सबसे ज्यादा नुकसानदेह साबित हो सकता है। चेम्बर ने उद्योगों की स्थापना की दिशा में जो पहल की है। यदि यह पहल जारी रही, तो इस टीम के कार्यकाल में बहुत बड़ा परिवर्तन आएगा। आपने कहा कि मध्यवर्गीय लोग असफलता से डरते हैं, हम अपने बच्चों को यही ताकीद करते हैं कि असफल नहीं होना है। जहाँ असफल होने के अवसर कम हैं, वहाँ सफलता का स्कोप सीमित है। इसलिए युवाओं को कुछ नया करने दें, असफलता की चिंता न करें, तभी वह कुछ यूनिक कर पाएँगे। आपने आंत्रप्रन्योरशिप से महिलाओं को भी जोड़ने का आग्रह किया, ताकि उनके परिवार को भी इससे प्रेरणा मिल सके।

इस अवसर पर अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने घोषणा की कि चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा अगला कार्यक्रम महिला उद्यमियों के लिए ही किया जाएगा।

उद्घाटन सत्र के समापन पर सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। आभार कोषाध्यक्ष–संदीपनारायण अग्रवाल द्वारा व्यक्त किया गया।

कार्यशाला के द्वितीय सत्र में म. प्र. एमएसएमई योजनाओं पर पॉवर पॉइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से श्री शशिभूषण सिंह, अपर सचिव, एमएसएमई, मध्यप्रदेश शासन द्वारा योजनाओं पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। डिलेड पेमेंट एक्ट पर, श्री डी. डी. गजभिये, ज्वाइंट डायरेक्टर, सेन्ट्रल एमएसएमई इंदौर द्वारा पॉवर पॉइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। उद्यम रजिस्ट्रेशन, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं जेम पर श्री राजीव कुमार डायरेक्टर इंचार्ज ब्रांच ग्वालियर एमएसएमई द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई।

म. प्र. एमएसएमई प्रोत्साहन योजना–2021 पर सहायक प्रबंधक–श्री डी. के. गुप्ता एवं मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना एवं स्टार्टप नीति–2022 पर श्री आनंद शर्मा, सहायक प्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र ग्वालियर द्वारा विस्तार से प्रजेंटेशन दिया गया। रॉल ऑफ इन्यूबेशन सेंटर इन स्टार्टप पर स्टार्टअप इंचार्ज, स्मार्ट सिटी इंक्यूबेशन सेंटर–श्री मनन चांदना द्वारा प्रजेन्टेशन दिया गया।

कार्यशाला के अंत में सवाल–जवाब सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों द्वारा अपनी जिज्ञासाओं संबंधी सवाल किए गए, जिनका समाधान अतिथियों द्वारा किया गया।

कार्यशाला के द्वितीय सत्र के वक्ताओं को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। सम्पूर्ण कार्यशाला का संचालन, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल द्वारा किया गया तथा अंत में आभार मानसेवी संयुक्त सचिव–पवन कुमार अग्रवाल द्वारा व्यक्त किया गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष–अरविन्द अग्रवाल, पूर्व कोषाध्यक्ष–वसंत अग्रवाल सहित काफी संख्या में कार्यकारिणी सदस्य व शहर के लगभग 300 युवा उद्यमी उपस्थित थे।

# MSME Workshop
# की झलकियाँ














# MIC से पारित गारबेज शुल्क के प्रस्ताव को परिषद से शीघ्र पारित करवाने हेतु MPCCI द्वारा सभापति-श्री मनोज सिंह तोमर एवं नेता प्रतिपक्ष-श्री हरि पाल को सौंपा गया ज्ञापन



एमआईसी की बैठक में गारबेज शुल्क की दरों को कम किए जाने के निर्णय के प्रस्ताव को आगामी नगर–निगम परिषद की बैठक में शामिल कर, पारित किए जाने की माँग को लेकर MPCCI के प्रतिनिधि मण्डल ने दिनांक 4 अप्रैल,23 को सभापति–श्री मनोज सिंह तोमर एवं नेता प्रतिपक्ष–श्री हरि पाल को ज्ञापन सौंपकर, माँग की गई कि नगर–निगम, ग्वालियर द्वारा शहर में लागू की गई 'गारबेज शुल्क' की दरें बहुत अधिक होने के कारण, जिस दिन से गारबेज शुल्क को लागू किया गया, ठीक उसी दिन से MPCCI के द्वारा लगातार इन दरों को इन्दौर, भोपाल और जबलपुर से अधिक नहीं होने की पुरजोर माँग स्थानीय प्रशासन एवं राज्य शासन सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों के सम्मुख की गई।

ज्ञापन में शामिल बिन्दु निम्नानुसार हैं :–

(1) 'गारबेज शुल्क' के युक्तियुक्तकरण के संबंध में एमआईसी से पारित प्रस्ताव को पास किया जाए।

(2) जिनकी अधिक 'गारबेज शुल्क' के रूप में धनराशि जमा हो चुकी है, उन्हें आगामी वर्ष में समायोजित किया जाए।

(3) जिन पर पिछले वर्षों का 'गारबेज शुल्क' बकाया है, उनसे भी नवीन तय हुई दर से शुल्क लिया जाए।

(4) जब तक 'गारबेज शुल्क' पर निर्णय नहीं होता है, तब तक 'गारबेज शुल्क' के बिना सम्पत्ति कर जमा किया जाए।

प्रतिनिधि मण्डल में अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल, उपाध्यक्ष–डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष–संदीप नारायण अग्रवाल सहित कार्यकारिणी सदस्य–सर्वश्री संजीव अग्रवाल (कुक्कू), नन्दकिशोर गोयल, मनोज भाटिया, दीपक अग्रवाल, कृष्णबिहारी गोयल, आशुतोष मिश्रा एवं अरुण गुप्ता आदि उपस्थित थे।

इस अवसर पर सभापति–श्री मनोज सिंह तोमर एवं नेता प्रतिपक्ष–श्री हरि पाल ने चेम्बर ऑफ कॉमर्स की बात को काफी ध्यान पूर्वक सुना एवं उचित निर्णय लिए जाने का आश्वासन प्रतिनिधि मण्डल को दिया।

# MPCCI पड़ाव :
# तानसेन नगर औद्योगिक क्षेत्र




उद्योगों की स्थानीय समस्याओं के निराकरण की दिशा में चेम्बर द्वारा दिनांक 08 अप्रैल,23 को ग्वालियर इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन के कार्यालय पर बिरलानगर इण्डस्ट्रियल एरिया, श्यामाप्रसाद मुखर्जी कम्पाउण्ड, गोयल कम्पाउण्ड एवं मनजीत सिंह कम्पाउण्ड में स्थित औद्योगिक इकाईयों की समस्याओं पर बैठक का आयोजन किया गया ।

उक्त बैठक में अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष–संदीपनारायण अग्रवाल, ग्वालियर इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष–श्री जगदीश मित्तल, संयुक्त अध्यक्ष–श्री अशोक शर्मा (प्रेमी), सचिव–श्री संजय धवन, कोषाध्यक्ष–श्री अनूप अग्रवाल, एडीशनल एस. पी. श्री गजेन्द्र सिंह वर्धमान, उपायुक्त, नगर–निगम, श्री सुशील कटारे, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक–श्री राजेन्द्र सिंह, म.प्र. मध्य क्षेत्र वि. वि. कं. लि. के डी. ई.–श्री यादव, ए. ई. श्री रोहित जी, जेडओ–नगर निगम सहित सर्वश्री कमल शर्मा, ललित गुप्ता, सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल, देवेन्द्र अग्रवाल, पुरूषोत्तम कौशिक, आशीष वैश्य, सुनील अग्रवाल (मंगल), अशोक गुप्ता, अंकित अग्रवाल, उदय गुप्ता, महेन्द्र जी आदि उपस्थित थे ।

बैठक में अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि चेम्बर ऑफ कॉमर्स की नवीन टीम ने उद्योगों की स्थानीय समस्याओं मुख्यत: नगर निगम व विद्युत से संबंधित समस्याओं पर फोकस करते हुए प्रशासनिक अधिकारियों के साथ औद्योगिक क्षेत्र में ही बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया है, उसी के पालन में आज की बैठक बिरलानगर औद्योगिक क्षेत्र में आयोजित की गई है। आज आपके द्वारा जो समस्याएं बताई जाएँगी, उनका निराकरण आगामी बैठक तक हो जाए, यह सुनिश्चित किया जाएगा ।

मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल ने कहा कि औद्योगिक समस्याओं के निराकरण का कार्य रूकेगा नहीं, यह लगातार जारी रहेगा । चेम्बर में भी इण्डस्स्ट्रीज के विकास संबंधी कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएँगे ।

कोषाध्यक्ष–संदीप नारायण अग्रवाल ने बैठक में कहा कि रेलवे पटरी के पास स्थित औद्योगिक इकाईयों में सफाई, पानी भरने की समस्या व स्ट्रीट लाईट की समस्या रहती है, उसका भी प्राथमिकता से निराकरण कराया जाना चाहिए ।

बैठक में ग्वालियर इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष, श्री जगदीश मित्तल द्वारा औद्योगिक क्षेत्र की निम्नलिखित समस्याओं से अवगत कराया :–

1. औद्योगिक क्षेत्र में नियमित सफाई कराई जाए व कचरा संग्रहण गाड़ी आए, ताकि नियमित रूप से कचरा उठ सके तथा नाले का मिलान कराया जाए ।



2. औद्योगिक क्षेत्र की दीवार से लगे अतिक्रमण को हटाया जाए।

3. इकाईयों की लीज को एक समान 99 वर्ष के लिए की जाए। एम. पी. हाउसिंग बोर्ड की तर्ज पर औद्योगिक क्षेत्रों की भूमि को फ्री–होल्ड किया जाए।

4. औद्योगिक क्षेत्र का प्रवेश द्वारा बनाया जाए।

5. 15 केवीए का सोलर पैनल औद्योगिक क्षेत्र में लगाया जाए।

6. संधारण शुल्क की दरों में वृद्धि की जानकारी समय–समय पर दी जाए।

7. विद्युत ट्रिपिंग व मेंटेंनेस किए जाने की जानकारी समय पर दी जाए।

8. असामाजिक तत्वों को रोकने के लिए नियमित रूप से पुलिस वाहन द्वारा गस्त किया जाए, ताकि संभावित अपराधों पर अंकुश लग सके।

9. औद्योगिक क्षेत्रों में करीब 40 सोलर स्ट्रीट लाईट और लगाई जाएँ।

इसके अतिरिक्त तलवार का बाड़ा/श्यामाप्रसाद मुखर्जी कम्पाउण्ड में सीवर की समस्या, औद्योगिक क्षेत्र में पानी भरने की समस्या तथा स्ट्रीट लाइट की समस्या से भी इकाई संचालकों द्वारा अवगत कराया।

बैठक में उपस्थित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक–श्री गजेन्द्र सिंह वर्धमान ने कहा कि तानसेन नगर/बिरलानगर क्षेत्र में स्थित समस्त औद्योगिक परिसर में पुलिस का गस्ती वाहन नियमित रूप से गस्त करेगा तथा यदि आप किसी भी समय असामाजिक तत्वों का जमावड़ा देखें, तो डायल 100 को तुरंत सूचित करें, इससे तुरंत ऐसे लोगों पर कार्यवाही सुनिश्चित हो सकेगी।

बैठक में उपस्थित नगर निगम, उपायुक्त–श्री सुशील कटारे ने नगर निगम से संबंधित समस्याओं के निराकरण पर कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में सोमवार से कचरा संग्रहण वाहन नियमित रूप से कचरा संग्रहण करेगा तथा सफाई निरंतर हो, यह सुनिश्चित किया जाएगा। सीवर व नाले के मिलान से संबंधित समस्या का निरीक्षण कराकर यथाशीघ्र इसके निराकरण की दिशा में कार्य किया जाएगा।

बैठक में उपस्थित, महाप्रबंधक, डीआईसी–श्री राजेन्द्र सिंह ने कहा कि लीज को एक समान करने, भूमि को फ्री होल्ड करने, सोलर पैनल तथा स्ट्रीट लाईट का प्रस्ताव प्रेषित किया जाएगा तथा संधारण शुल्क की दरों में परिवर्तन की जानकारी इकाईयों को समय पर दी जाएगी।

बैठक के अंत में औद्योगिक क्षेत्र में विद्युत की समस्या के त्वरित निराकरण के लिए म.प्र.म.क्षे.वि.वि.कं.लि. के डी.ई., श्री यादव एवं ए. ई. श्री रोहित जी का बैठक में अभिनंदन किया गया।

बैठक का संचालन ग्वालियर इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन के संयुक्त अध्यक्ष–श्री अशोक शर्मा (प्रेमी) तथा आभार सचिव–श्री संजय धवन द्वारा व्यक्त किया गया।

# MPCCI पड़ाव :

# गिरवाई औद्योगिक क्षेत्र

## गिरवाई क्षेत्र को औद्योगिक क्षेत्र घोषित किया जाए



स्थानीय औद्योगिक क्षेत्रों की समस्याओं के निराकरण की श्रंखला के अन्तर्गत चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा दिनांक 22 अप्रैल,23 को गिरवाई औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं पर एक बैठक का आयोजन किया गया।

उक्त बैठक में अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल, उपाध्यक्ष–डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य–श्री राजेश माखीजा, श्री सौरभ गुप्ता, महाप्रबंधक, डीआईसी–श्री राजेन्द्र सिंह, उपायुक्त, नगर–निगम–श्री अतिबल सिंह यादव, म. प्र. म.क्षे.वि.वि.कं.लि. के उपमहाप्रबंधक–श्री अजीत राजपूत एवं सहायक यंत्री–श्री गौतम कुमार, पुलिस विभाग से नगर निरीक्षक–श्री रघुवीर सिंह के अतिरिक्त गिरवाई औद्योगिक क्षेत्र के अध्यक्ष–श्री कैलाश तनेजा, उपाध्यक्ष–श्री राजेश माखीजा, सचिव–श्री देवानन्द तनवानी सहित उद्यमी सर्वश्री अशोक कुकरेजा, सुशील बहिरानी, नन्दलाल सोनेजा, प्रहलाद गाबरा, राजेश जैन, राधाकिशन चांदवानी, राजीव अगीचा, सुनील जैसवानी, प्रकाश बाधवा, गिरीश सोनेजा, अशोक चावला, जयराम खुशीराम, सुरेश बाधवा व किशोर तनेजा आदि उपस्थित थे।

बैठक में उपस्थित उद्योगपतियों द्वारा बताया गया कि विद्युत ट्रिपिंग के कारण मशीनों को चालू होने में 2 घंटे का समय लगता है तथा एक बार की ट्रिपिंग से उद्योगों को 50 से 60 हजार का नुक्सान होता है। जिला औद्योगिक केन्द्र अधिकारी से निवेदन किया गया कि गिरवाई औद्योगिक क्षेत्र को अतिशीघ्र औद्योगिक क्षेत्र घोषित किया जाए।



बैठक में नगर–निगम, ग्वालियर से संबंधित समस्याओं के अन्तर्गत स्ट्रीट लाईट की समस्या, सड़कों पर नालियों का ठीक से मिलान न होना, सड़क पर स्पीड ब्रेकर्स का न होने से दुर्घटनाएँ होने तथा कचड़ा संग्रहण हेतु कचड़ा गाड़ियों का नहीं आना आदि समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई।

इस अवसर उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा सभी समस्याओं को काफी गंभीरता से सुना गया और गिरवाई क्षेत्र की उपरोक्त सभी समस्याओं का यथाशीघ्र ही निराकरण किए जाने का ठोस आश्वासन दिया गया।

# उद्यम आधार एवं साहूकारी लायसेंस शिविर 'चेम्बर भवन' में आयोजित







एमएसएमई विकास संस्थान, ग्वालियर के सहयोग से व्यवसाईयों एवं उद्योगपतियों की सुविधा हेतु दिनांक 25 अप्रैल,23 को चेम्बर भवन में 'उद्यम आधार शिविर' एवं नगर–निगम, ग्वालियर के सहयोग से 'साहूकारी लायसेंस शिविर' का आयोजन चेम्बर भवन में किया गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल, उपाध्यक्ष–डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव–पवन कुमार अग्रवाल, पूर्व मानसेवी संयुक्त सचिव–श्री नरेश सिंघल, कार्यकारिणी समिति सदस्य–सर्वश्री संजीव अग्रवाल 'कुक्कू', महेन्द्र साहू, मनोज सरावगी, दीपक श्रीचंद जैस्वानी, अभिषेक चतुर्वेदी, आशीष अग्रवाल, कृष्णबिहारी गोयल, अभिषेक गोयल 'सन्नी', घनश्यामदास नागवानी, रोशन गाबरा, विवेक बंसल, नंदकिशोर गोयल सहित जवाहर जैन, पुरूषोत्तम जैन, दिलीप पंजवानी, एमएसएमई विकास संस्थान ग्वालियर के सहायक निदेशक–श्री राजीव कुमार एवं नगर–निगम, कर्मचारी–श्री संजय शिंदे, जितेन्द्र शर्मा एवं शैलेंद्र यादव आदि उपस्थित थे ।

# अप्रैल, 23 के महत्वपूर्ण प्रयास...

- प्रदेश के मुख्यमंत्री, माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र प्रेषित कर, ग्वालियर के मास्टर प्लान–2035 को स्वीकृति प्रदान किए जाने की माँग की गई।
- पुलिस अधीक्षक, जिला–ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, शहर की ट्रेफिक व्यवस्था में सुधार किए जाने की माँग की गई।
- प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त, भोपाल को पत्र प्रेषित कर, केन्द्रीय अंचल कार्यालय को स्थाई रूप से भोपाल से ग्वालियर स्थानान्तरित किए जाने की माँग की गई।
- सभापति, नगर–निगम परिषद–श्री मनोज सिंह तोमर एवं नेता प्रतिपक्ष, नगर–निगम परिषद को ज्ञापन सौंपकर, एमआईसी से पारित गारबेज शुल्क के प्रस्ताव को परिषद से पारित करवाने की माँग की गई।
- महापौर एवं आयुक्त, नगर–निगम, ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, डीडवाना ओली में काफी समय से बंद स्ट्रीट लाइट को तत्काल चालू कराने की माँग की गई।
- डिप्टी डायरेक्टर, बीआईएस ऑफिस, नोएडा–श्री निशांत पाराशर एवं श्री रितुराज, ज्वाइंट डायरेक्टर, बीआईएस ऑफिस, नोएडा को पत्र प्रेषित कर, बीआईएस हॉलमार्क पर चेम्बर भवन में एक –दिवसीय सेमीनार आयोजित किए जाने की माँग की गई है।
- केन्द्रीय रेलमंत्री–माननीय श्री अश्विनी वैष्णव एवं केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री–श्रीमंत ज्योतिरादित्य जी सिंधिया, भारत सरकार एवं चेयरमैन, रेलवे बोर्ड को पत्र प्रेषित कर, इटावा–ग्वालियर मेमू ट्रेन को गुना तक संचालित किए जाने की माँग की गई।
- एमएसएमई मंत्री–माननीय श्री ओमप्रकाश सकलेचा को पत्र प्रेषित कर, फैक्ट्री एक्ट में आवश्यक सुधार हेतु आठ बिन्दु सुझाव के रूप में प्रेषित किए गए।
- आयुक्त, नगर–निगम, ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, चेम्बर भवन में साहूकारी लाइसेंस शिविर आयोजित किए जाने की माँग की गई।
- आयुक्त, नगर–निगम, ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, नगर–निगम द्वारा स्वयं की दुकानों पर साइन बोर्ड/फ्लेक्स पाए जाने की स्थिति में की जा रही जुर्माने की कार्यवाही की जानकारी दिए जाने हेतु एक बैठक चेम्बर भवन में आयोजित किए जाने की माँग की गई।
- सीईओ, ग्वालियर स्मार्ट सिटी परियोजना को पत्र प्रेषित कर, ग्वालियर शहर में कन्वेंशन सेंटर स्थापित किए जाने की माँग की गई।
- श्री सत्यदेव लाल, प्रमुख, नोएडा ब्रॉंच ऑफिस, बीआईएस ऑफिस, नोएडा को पत्र प्रेषित कर, बीआईएस हॉलमार्क पर चेम्बर भवन में सेमीनार आयोजित किए जाने की माँग की गई।
- नव पदस्थ, आयुक्त, नगर–निगम–श्री हर्ष सिंह को 'चेम्बर भवन' में पधारने हेतु आमंत्रण–पत्र प्रेषित किया, ताकि शहर के विकास पर चर्चा की जा सके।
- मुख्यमंत्री, माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र प्रेषित कर, म. प्र. नगर पालिका (व्यापार अनुज्ञापन) नियम–2023 को स्थगित के स्थान पर तत्काल निरस्त किए जाने की माँग की गई।
- महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज को पत्र प्रेषित कर, जेडआरयूसीसी एवं एसआरयूसीसी में पूर्व की भांति उचित प्रतिनिधित्व दिए जाने की माँग की गई।
- मुख्यमंत्री, माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान एवं केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री–श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र प्रेषित कर माँग की गई है कि प्रदेश में व्यापार एवं उद्योग से जुड़े हुए विभिन्न विभागों में ''विवाद से विश्वास तक'' योजना लागू की जाए, जिससे प्रदेश के कारोबारियों को राहत मिल सके।

# कार्यकारिणी समिति की दि. 21 अप्रैल,23 को आयोजित बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

**✻ चेम्बर संविधान परिशिष्ट-1 (एक) की धारा 20.1 के अन्तर्गत, समूह क्रमांक 28, 45 एवं 51 में कार्यकारिणी समिति हेतु रिक्त स्थान की पूर्ति करते हुए, निम्नानुसार सदस्यगण निर्वाचित हुए :-**



श्री हरिहरशरण गर्ग
मेसर्स शरण एण्ड ब्रदर्स
समूह क्रमांक–28



श्री अमृत माहेश्वरी
मेसर्स शिवांगी पोलीमर्स प्रा. लि.
समूह क्रमांक–45



श्री प्रतीक गुप्ता
मेसर्स सिज फार्मास्युटिकल्स
समूह क्रमांक–51

**✻ संस्था के संरक्षक सदस्यगणों से 01 सदस्य महानुभाव को संविधान की धारा 17(9)(अ) के तहत निम्नानुसार कार्यकारिणी सदस्य नामांकित किए जाने का निर्णय लिया गया :-**



श्री ग्वालदास अग्रवाल
मेसर्स श्री गोपाल क्लॉथ स्टोर्स (संरक्षक)

**✻ विधान की धारा-17(9)(ब) के अन्तर्गत वृहत्तर ग्वालियर से बाहर के निम्नानुसार 04 कार्यकारिणी सदस्य नामांकित किए जाने का निर्णय लिया गया :-**



श्री सुनील सिंहल सर्राफ
मे. देवचन्द्र हरिशचन्द्र अग्रवाल सर्राफ
जौरा



कु. रुचिका अग्रवाल
मेसर्स रॉक इण्डस्ट्रीज
आगरा



श्री सुजीत कुमार अग्रवाल
मेसर्स रतनलाल सर्राफ एण्ड संस
डबरा



श्री गिरिराज सिंघल
मेसर्स बृजवासी पैकेजिंग
मालनपुर

*चेम्बर की उपसमितियों का गठन किए जाने का निर्णय लिया गया ।

*गारबेज शुल्क पर अभी तक किए गए प्रयासों से सदन को अवगत कराया गया ।

# उपसमितियों के गठन हेतु नाम आमंत्रित

चेम्बर की दिनांक 21 अप्रैल,23 को आयोजित कार्यकारिणी समिति की बैठक में उपसमितियों का गठन किए जाने का निर्णय लिया गया है।

सदस्यगण अपना नाम चार अथवा पाँच उपसमितियों में अपनी प्राथमिकता के अनुसार यथाशीघ्र 'चेम्बर सचिवालय' में 31 मई तक प्रेषित करने की कृपा करें।

**उपसमितियों के नाम निम्नानुसार हैं :-**

1. जीएसटी उपसमिति
2. स्थानीय कर उपसमिति
3. प्रत्यक्ष कर उपसमिति
4. एमएसएमई उपसमिति
5. विद्युत उपसमिति
6. रेलवे उपसमिति
7. सड़क/यातायात उपसमिति
8. सदस्यता उपसमिति
9. संविधान संशोधन उपसमिति
10. शिक्षा उपसमिति
11. स्वास्थ्य उपसमिति
12. पर्यटन विकास/पर्यावरण उपसमिति
13. वित्त एवं बैंकिंग उपसमिति
14. भवन विकास एवं रख-रखाव उपसमिति
15. उन्नत व्यापार, व्यवहार एवं उपभोक्ता उपसमिति
16. महिला उद्यमी उपसमिति
17. हुण्डी उपसमिति
18. सूचना प्रोद्योगिकी उपसमिति
19. समाज सेवा उपसमिति
20. व्यवसायिक एवं औद्योगिक मेला आयोजन उपसमिति
21. व्यवसायिक प्रशिक्षण उपसमिति
22. गुना एवं अशोकनगर जिला आंचलिक उपसमिति
23. शिवपुरी एवं श्योपुरकलां जिला आंचलिक उपसमिति
24. डबरा-दतिया जिला आंचलिक उपसमिति
25. भिण्ड जिला आंचलिक उपसमिति
26. मुरैना जिला आंचलिक उपसमिति
27. उप नगर ग्वालियर उपसमिति
28. उप नगर मुरार उपसमिति
29. ईडीसी (Entrepreneur Development Cell)
30. स्मार्ट सिटी उपसमिति
31. कार्यक्रम उपसमिति
32. साईबर क्राइम जागरुकता उपसमिति
33. व्यापारिक विवाद निपटान उपसमिति
34. प्रचार-प्रसार उपसमिति
35. विधिक जागरुकता उपसमिति

## ग्वालियर से संचालित विमान सेवाएँ



| शहर का नाम | आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| हैदराबाद-ग्वालियर | प्रातः 09.00 | दोपहर 02.00 |
| बेंगलुरू-ग्वालियर | प्रातः 09.05 | प्रातः 09.45 |
| दिल्ली-ग्वालियर | प्रातः 11.30 | दोपहर 12.00 |
| मुम्बई-ग्वालियर | दोपहर 02.40 | दोपहर 03.10 |
| ग्वालियर-इंदौर (म., श.) | दोपहर 03.30 | सायं 4.00 बजे |
| **18 मई से प्रारम्भ...** | | |
| कोलकता-ग्वालियर | दोपहर 12.30 | सायं 5.40 बजे |
| ग्वालियर-जम्मू | सायं 5.20 बजे | दोपहर 12.55 बजे |

## आवश्यक सूचना

सम्माननीय सदस्य महानुभावों,

नवीन वित्तीय वर्ष 2023-24 का सदस्यता शुल्क दिनांक 1 अप्रैल,2023 से देय हो गया है।

सदस्यता शुल्क को बगैर अधिभार के दि. 30 जून,23 तक जमा किया जा सकता है। उक्त तिथि के पश्चात् रु. 50/- अधिभार की राशि देय होगी।

* पब्लिक लिमिटेड कं. : रु. 2500+GST (18%)
* प्रायवेट लिमिटेड कं. : रु. 1250+GST (18%)
* साधारण सदस्य : रु. 750.00

**प्रेषक** : स्वामी म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री के लिए प्रकाशक, दीपक अग्रवाल द्वारा ग्राफिक्स वर्ल्ड, ग्वालियर से डिजाइन तथा 'चेम्बर भवन', एस.डी.एम. मार्ग, ग्वालियर से प्रकाशित. संपादक-दीपक अग्रवाल, दूरभाष-2371691,2632916,2382917